SB NEWS
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# संजना भारती
RNI No. : DELHIN/2016/70240
आपका भरोसा, हमारी ताकत



2 बिहार में एनडीए सरकार लौटने के आसार...
3 नितिन सक्सेना बरौनी हर्ल के बने यूनिट हेड
4 खाटू श्याम मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा...

वर्ष: 10 | अंक: 8 | दिल्ली, शनिवार, 1 नवम्बर 2025 | पृष्ठ संख्या: 4 | मूल्य: 1 रुपया

## संक्षिप्त समाचार

### एनडीए का संकल्प पत्र जारी

**पटना (एजेन्सी)।** पटना में शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए अपना *संकल्प पत्र* जारी किया है। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, हम के नेता जीतन राम मांझी और जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा मौजूद रहे हैं। मौजूद जानकारी के अनुसार, एनडीए के संकल्प पत्र में युवाओं को एक करोड़ नौकरियां देने, अगले पांच वर्षों में 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश और हर जिले में *ग्लोबल स्किलिंग सेंटर* स्थापित करने का वादा किया गया है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि यह घोषणा राज्य में रोजगार और उद्योग को नई दिशा देने का प्रयास है। गौरतलब है कि एनडीए ने अपने घोषणापत्र में महिलाओं के लिए भी कई बड़े वादे किए हैं। लखपति दीदी योजना के तहत एक करोड़ महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की घोषणा की गई है। वहीं, राज्य में सात नए एक्सप्रेसवे बनाए जाने और पटना के अलावा चार अन्य शहरों में मेट्रो रेल सेवा शुरू करने की योजना भी शामिल की गई है। संकल्प पत्र में यह भी कहा गया है कि अगर एनडीए सत्ता में आती है तो राज्य में केजी से पीजी तक की शिक्षा निशुल्क और गुणवत्तापूर्ण बनाई जाएगी।

### उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर में 22 वर्षीय अपराधी की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली (एजेन्सी)।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर इलाके में सात आपराधिक मामलों में शामिल 22 वर्षीय एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना 30 अक्टूबर की रात करीब 10.40 बजे हुई जब गोलीबारी की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर पुलिस को इलाके में जामा मस्जिद के पास एक व्यक्ति गोली लगने से घायल पड़ा मिला। उसे तत्काल जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान जाफराबाद के निवासी मिस्बाह के रूप में हुई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, अपराध स्थल से साक्ष्य एकत्र करने के लिए फोरेंसिक टीमों को मौके पर बुलाया गया है। संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और इसमें शामिल लोगों की पहचान कर उन्हें पकड़ने के लिए टीमें गठित की गई हैं।

## आज भारत सतत विकास की दिशा में एक अग्रणी वैश्विक आवाज के रूप में उभरा हैः प्रधानमंत्री मोदी

**संजना भारती/पीआईबी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के रोहिणी में अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन 2025 को संबोधित किया। इस अवसर पर बोलते हुए श्री मोदी ने कहा कि अभी सुने गए मंत्रों की ऊर्जा अभी भी हर कोई महसूस कर रहा है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि जब भी वे इस समूह के बीच आते हैं, तो उन्हें एक दिव्य और असाधारण अनुभूति होती है। उन्होंने इस अनुभूति का श्रेय स्वामी दयानंद जी के आशीर्वाद को दिया। प्रधानमंत्री ने स्वामी दयानंद जी के आदर्शों के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा व्यक्त की। उन्होंने उपस्थित सभी विचारकों के साथ अपने दशकों पुराने जुड़ाव का उल्लेख किया, जिसके कारण उन्हें बार-बार उनके बीच आने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि जब भी वे उनसे मिलते हैं और बातचीत करते हैं, तो वे एक विशिष्ट ऊर्जा और अनूठी प्रेरणा से भर जाते हैं।



श्री मोदी ने याद दिलाया कि पिछले वर्ष गुजरात में महर्षि दयानंद सरस्वती जी की जन्मस्थली पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें उन्होंने एक वीडियो संदेश के माध्यम से भाग लिया था। इससे पहले, उन्हें दिल्ली में महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती समारोह का उद्घाटन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि वैदिक वेदमंत्रों के उच्चारण की ऊर्जा, वो हवन अनुष्ठान, ऐसा लगता है जैसे अभी वो सब कल की ही बात हो। प्रधानमंत्री ने यह भी स्मरण किया कि पिछले आयोजन में, सभी प्रतिभागियों ने महर्षि दयानंद सरस्वती जी की द्विशताब्दी समारोह को दो वर्षों तक एक 'विचार यज्ञ' के रूप में जारी रखने का संकल्प लिया था। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि यह निर्बाध बौद्धिक आयोजन पूरी अवधि तक जारी रहा। श्री मोदी ने कहा कि उन्हें इस अवधि के दौरान किए गए प्रयासों और कार्यक्रमों के बारे में नियमित रूप से जानकारी दी जाती रही है। उन्होंने कहा कि आज, एक बार फिर, उन्हें आर्य समाज के 150वें स्थापना वर्ष समारोह में अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर मिला है। उन्होंने स्वामी दयानंद सरस्वती जी के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन के लिए अपनी शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने यह भी कहा कि इस अवसर पर स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी करना उनके लिए सौभाग्य की बात है।

प्रधानमंत्री ने कहा, ह्लआर्य समाज की 150वीं वर्षगांठ केवल किसी विशेष समुदाय या संप्रदाय का अवसर नहीं है—यह पूरे राष्ट्र की वैदिक पहचान से गहराई से जुड़ा उत्सव है।ह्व उन्होंने कहा कि यह भारतीय दार्शनिक परंपरा से जुड़ा है, जिसमें गंगा के प्रवाह की तरह आत्म-शुद्धि की शक्ति है। श्री मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह अवसर सामाजिक सुधार की उस महान विरासत में निहित है जिसे आर्य समाज ने निरंतर आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन ने असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों को वैचारिक शक्ति प्रदान की। उन्होंने लाला लाजपत राय और शहीद रामप्रसाद बिस्मिल जैसे कई क्रांतिकारियों का उदाहरण दिया, जिन्होंने आर्य समाज से प्रेरणा ली और स्वतंत्रता संग्राम के लिए खुद को पूरी तरह समर्पित कर दिया। प्रधानमंत्री ने खेद व्यक्त किया कि राजनीतिक कारणों से, स्वतंत्रता आंदोलन में आर्य समाज की महत्वपूर्ण भूमिका को वह मान्यता नहीं मिली जिसका वह वास्तव में हकदार था।

यह उल्लेख करते हुए कि अपनी स्थापना के समय से ही आर्य समाज निष्ठावान देशभक्तों की संस्था रही है, श्री मोदी ने जोर देकर कहा, "आर्य समाज ने निडरता से भारतीयता के सार को कायम रखा है और उसका प्रचार-प्रसार किया है।" उन्होंने कहा कि चाहे भारत-विरोधी विचारधाराएँ हों, विदेशी सिद्धांतों को थोपने के प्रयास हों, विभाजनकारी मानसिकताएँ हों या सांस्कृतिक ताने-बाने को दूषित करने के प्रयास हों, आर्य समाज ने हमेशा उनका डटकर सामना किया है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि आर्य समाज के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में समाज और राष्ट्र, दयानंद सरस्वती जी के महान आदर्शों को इतने भव्य और सार्थक तरीके से श्रद्धांजलि दे रहे हैं। धार्मिक जागरण के माध्यम से इतिहास को नई दिशा देने वाले स्वामी श्रद्धानंद जैसे आर्य समाज के अनेक विद्वानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक क्षण में ऐसी महान आत्माओं की ऊर्जा और आशीर्वाद मौजूद है।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में सरदार पटेल का 'सहकार से समृद्धि' का सपना हो रहा पूराः रविन्द्र इन्द्राज

### 'दिल्ली को बनायेंगे सहकारिता का आदर्श मॉडल'



**संजना भारती संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने वसंत कुंज में रन फॉर यूनिटी में सहभागिता की और सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के योगदान को नमन किया। श्री रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि सरदार पटेल के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' और सहकार से समृद्धि के सपने को यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने संकल्प बनाया और वर्ष 2014 से देश, इस दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है।

श्री इन्द्राज ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने भारत की एकता को मजबूत किया और सहकारिता आंदोलन को भी जनआंदोलन का रूप दिया। उनकी प्रेरणा से ही भारत ने सहयोग, आत्मनिर्भरता और ग्रामीण विकास की दिशा में कदम बढ़ाए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह किसानों, पिछड़ों और वंचितों को सहकारिता से जोड़कर देश को स्वरोजगार देने और आत्मनिर्भर बनाने के सरदार पटेल जी के सपने को पूरा कर रहे हैं।

श्री इन्द्राज ने कहा कि सरदार पटेल मानते थे कि देश की सच्ची ताकत गांवों और किसानों में है, और इनकी शक्ति को संगठित करने का सबसे बड़ा माध्यम सहकारिता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार भी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में सहकारिता की भावना के साथ समाज के हर वर्ग तक विकास पहुँचाने का कार्य कर रही है। किसानों, श्रमिकों, युवाओं, स्वयं सहायता समूहों और सहकारी समितियों को सशक्त बनाकर आत्मनिर्भर दिल्ली के लक्ष्य की दिशा में तेजी से कार्य हो रहा है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने स्वतंत्र भारत को एक सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया था। उनकी दूरदृष्टि, कड़े निर्णय और संगठन क्षमता ने भारत को अखंड राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने राष्ट्र की एकता और अखंडता की शपथ ली।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूल के छात्र-छात्राएँ, सामाजिक संगठन, स्थानीय निवासी, नगर निगम स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य एवं निगम पार्षद श्री जगमोहन महलावत उपस्थित रहे।

## संस्कृत और तमिल भारत की आत्माः सीएम योगी

### वाराणसी में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया स्वागत अभिनंदन

**संजना भारती संवाददाता**

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यहां काशी नाटकोट्टई नगर क्षेत्रम में निर्मित धर्मशाला के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि देश के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्ण भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'वनक्कम काशी' से अपने संबोधन को शुरू करते हुए कहा कि काशी में गंगा नदी से लेकर तमिलनाडु की कावेरी नदी तक हमारी साझी परंपरा ये याद दिलाती है कि भाषाएं भले ही अलग हों, भारत की आत्मा एक ही है जो शाश्वत समावेशी और अटूट है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि ये हमारे लिए सुखद संयोग है कि यूपी की इस यात्रा में उपराष्ट्रपति जी बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में पधारे हैं। श्रीकाशी नाटकोट्टई नगर क्षेत्रम मैनेजिंग सोसाइटी द्वारा निर्मित धर्मशाला का उद्घाटन उपराष्ट्रपति जी द्वारा हुआ है। यह श्रद्धालुओं को रहने की सुविधा उपलब्ध कराएगी साथ ही काशी और तमिलनाडु के प्राचीन सांस्कृतिक संबंधों को सुदृढ़ करेगी। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम द्वारा रामेश्वरम धाम में स्थापित पावन ज्योतिर्लिंग और काशी में विराजमान भगवान आदि विश्वेवश्वर ज्योतिर्लिंग, यह एक-दूसरे के रूप में पूजित हैं। काशी विश्वनाथ और रामेश्वरम दोनों भगवान शिव के दिव्य स्वरूप हैं। यह उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक एकात्मता का सुंदर सार भी प्रस्तुत करता है। भगवान श्रीराम और भगवान शिव के माध्यम से निर्मित इस संबंध सेतु को आदि शंकराचार्य ने भारत के चारों कोनों में पवित्र पीठ की स्थापना कर आगे बढ़ाया। आदि शंकर ने काशी में आकर ज्ञान प्राप्त किया और संपूर्ण भारत को अद्वैत दर्शन का संदेश दिया। काशी ने उन्हे आत्मज्ञान दिया और उन्होंने आत्मबोध दिया। यह परंपरा हमें संतुलन और विवेक का संदेश देती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये हमारा सौभाग्य है कि आदिकाल से चली आ रही इस शाश्वत परंपरा को आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गति प्रदान कर रहे हैं। उनके यशस्वी नेतृत्व में देश की गौरवशाली आस्था के प्रति सम्मान के पुनर्स्थापना का कार्य आगे बढ़ रहा है। तमिलनाडु की तेनकाशी में भगवान विश्वनाथ का प्राचीन मंदिर है। तेनकाशी का अर्थ है दक्षिण की काशी। पांड्य देश के सम्राट श्रीहरि केशरी परिकराम पांडयन ने काशी से ज्योतिर्लिंग लाकर तेनकाशी में स्थापना की। तमिलनाडु में शिवकाशी नामक एक पवित्र स्थान भी है।

इस अवसर पर तमिलनाडु सरकार के मंत्री एस रघुपति, यूपी सरकार में मंत्री रविन्द्र जायसवाल, श्रीकाशी नाटकोट्टई के अध्यक्ष एल नारायणन, अभिरामी रामानाथन, एमई एमआर मुथाई, एस कदिरेसन, डॉ सोलार नचित्तन, डॉ नीलकंठ तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव, अशोक तिवारी, धर्मेन्द्र सिंह सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## पंजाब सरकार ने जलजीव विविधता को बढ़ावा देने के लिए 'रोहू' को राज्य मछली घोषित किया

**एसबी संवाददाता**

**चंडीगढ़।** राज्य की जलजीव विविधता के संरक्षण और इसे प्रोत्साहित करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, पंजाब के पशुपालन, डेयरी विकास और मत्स्य पालन मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने अपने कार्यालय में रोहू (लाबियो रोहिता) को पंजाब की राज्य मछली घोषित किया। राज्य के समृद्ध जलजीव संसाधनों पर प्रकाश डालते हुए श्री खुड्डियां ने कहा कि पंजाब का मत्स्य पालन क्षेत्र लगातार प्रगति की ओर अग्रसर है। वर्तमान में राज्य में 43,683 एकड़ क्षेत्र में



मत्स्य पालन किया जा रहा है, जिससे सालाना लगभग 2 लाख मीट्रिक टन मछली का उत्पादन हो रहा है। इस उत्पादन में रोहू मछली का महत्वपूर्ण योगदान है, जो 42,353 मीट्रिक टन (कुल उत्पादन का 21.18 प्रतिशत) है। इसकी कीमत 160 से 200 रुपये प्रति किलोग्राम तक होती है। यह मूल्यवान मछली अपने फ्यूसीफॉर्म शरीर और बड़े साइक्लोइड स्केल्स के कारण प्राकृतिक जलस्त्रोतों में 45 किलोग्राम तक बढ़ सकती है। उन्होंने आगे बताया कि रोहू मछली प्रोटीन, विटामिन ए, बी और डी, तथा ओमेगा-3 फैटी एसिड जैसे पौष्टिक तत्वों से भरपूर होती है। इस कारण यह न केवल पंजाब में बल्कि अन्य राज्यों में भी स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन के रूप में लोकप्रिय है।

## सरदार पटेल ने 563 रियासतों को जोड़कर गढ़ा अखंड भारत का स्वरूपः सीएम योगी



**संजना भारती संवाददाता**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित रन फॉर यूनिटी का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और कहा कि भारत की अखंडता और एकता के लिए जिन्होंने अपना जीवन समर्पित किया, उन लौह पुरुष सरदार पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम उनके आदर्शों को अपने आचरण में उतारें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन, समर्पण और त्याग आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणास्त्रोत है। आइए, इस राष्ट्रीय एकता दिवस पर हम संकल्प लें कि जाति, भाषा, धर्म और क्षेत्र से ऊपर उठकर भारत की एकता और अखंडता को सुदृढ़ बनाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 से ही देश में उन महान सपूतों को सम्मान देने की परंपरा शुरू हुई है, जिन्होंने भारत को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। उन्होंने बताया कि आज पूरे देश में 600 से अधिक स्थानों पर रन फॉर यूनिटी के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रभक्ति और एकता की भावना को प्रबल करने का यह अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी भारतीय परंपरा में कहा गया है किह्लशिवो भूत्वा शिवं यजेतह्व, अर्थात जिसे हम पूजते हैं, उसके अनुरूप हमें स्वयं को ढालना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल भाषणों में नहीं, बल्कि व्यवहार में भी एकता और अखंडता के मूल्यों को अपनाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केवड़िया (गुजरात) में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के रूप में सरदार पटेल की स्मृति को जीवंत बनाया गया है, जो आज राष्ट्रीय प्रेरणास्थली बन चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने स्वतंत्रता के बाद ब्रिटिश साजिशों को नाकाम करते हुए 563 रियासतों को भारत गणराज्य में शामिल कर अखंड भारत का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि जब हैदराबाद और जूनागढ़ की रियासतों ने भारत में विलय से इनकार किया, तब लौह पुरुष ने पहले संवाद का रास्ता अपनाया, लेकिन जब राष्ट्र की अखंडता पर संकट आया, तब उन्होंने कठोर निर्णय लेकर भारत की एकता को सुरक्षित किया।

## सरदार पटेल का एक भारत का सपना आज भी हर भारतीय के दिल में धड़कता है : नायब सिंह सैनी

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को फतेहाबाद में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। जिला मुख्यालय पर आयोजित रन फॉर यूनिटी का शुभारंभ हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने पंचायत भवन से हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों पर पुष्प वर्षा की और उन्होंने स्वयं भी दौड़ में शामिल होकर एकता का संदेश दिया। एमएम कॉलेज मैदान तक आयोजित दौड़ में लगभग 30 हजार प्रतिभागी शामिल हुए। युवाओं, महिलाओं, खिलाड़ियों, विद्यार्थियों, सामाजिक कार्यकताओं और जनप्रतिनिधियों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा शहर एक भारत, श्रेष्ठ भारत के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलवाई।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस हमारे राष्ट्र की आत्मा को सशक्त करने का दिन है। आज हम सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती मना रहे हैं। लौह पुरुष पटेल ने जिस संकल्प, साहस और दूर दृष्टि से भारत को एक सूत्र में पिरोया, वह आज भी प्रेरणा स्त्रोत है। मुख्यमंत्री ने सरदार पटेल को याद करते हुए सभी हरियाणा वासियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज की यह दौड़ केवल शारीरिक गतिविधि नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और अनुशासन का प्रतीक है। हरियाणा के सभी जिलों में लाखों नागरिक इस राष्ट्रीय संकल्प का हिस्सा बन रहे हैं। यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विजन को साकार करने की दिशा में एक कदम है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण अनुशासित, जिम्मेदार और जागरूक नागरिकों से होता है। यह दौड़ हमें सहनशीलता, अनुशासन और सामूहिकता का संदेश देती है।

1 नवम्बर हरियाणा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ऋग्वेद | यजुर्वेद







स्वास्थ्य रक्षक एवं रोग विनाशक योग साधना शिविर
दिनांक :- 4 नवम्बर से 14 नवम्बर 2025 तक
समय :- प्रातः 5.00 से 7.30 बजे सायं: 4.00 बजे से 6.00 बजे तक
स्थान :- कपिलमुनि तीर्थ, गांव कौल जिला कैथल
यह शिविर योग, आयुर्वेद और प्राण विद्या के मूर्धन्य विद्वान
पूज्य गुरुदेव स्वामी सम्पूर्णानन्द सरस्वती के निर्देशन में आयोजित हो रहा है।
पूज्य स्वामी जी अनेकों गुरुकुलों एवं गौशालाओं के मार्गदर्शक, सहायक व संचालक, वेद-विद्या शोध संस्थान के संस्थापकाध्यक्ष हैं।
योग शिविर में गठिया, शुगर, घुटनों एवं कमर के दर्द, ब्लड प्रैशर, काला पिलिया, माईग्रेन, किडनी व हृदय के रोग, दिल घबराना, सांस के रोग, सोराईसिस, सफेद कोड (फुलबेहरी) डिपरैशन (तनाव) आँखों का चश्मा, मोटापा, खून की कमी, नपुंसक्ता, बांझपन, ऐडी, कमर घुटने में दर्द आदि व बाल झड़ना, पेट के रोग एवं पुरानी से पुरानी कब्ज, आदि रोगों को जड़-मूल से समाप्त करने की विद्या जानने के लिए पूज्य गुरुदेव स्वामी सम्पूर्णानन्द सरस्वती योगाभ्यास करने का कौल नगर में पहली बार इस प्रकार के शिविर का आयोजन हो रहा है।
आयोजक :- समस्त कौल ग्रामवासी व कौल सरकार सामाजिक संगठन
निवेदक :-
बलिन्द्र फौजी व मास्टर धर्मबीर सगवाल
नोट :- प्रातः खाली पेट हर रोज 10 मरीजों की नाड़ी परीक्षण (देखी) जायेगी। साधक अपने साथ चादर, आसान और कॉपी कलम अवश्य लेकर आयें।
स्पैशल ईलाज :- हर रोज 3 बजे से 4.30 तक घुटने, कमर दर्द व सरवाईकल मरीजों का रहेगा।
सामवेद | सम्पर्क सूत्र :- 9896134520, 8708039951, 9992150649 | अथर्ववेद
पवनावा प्रेस, ढाण्ड

# सम्पादकीय

## देश में अपराध और हिंसा

**दुनिया** के देशों की पांच बड़ी चिंताओं में आज सबसे बड़ी चिंता अपराध और हिंसा होती जा रही है। बेरोजगारी भ्रष्टाचार या सामाजिक या लैंगिक असमानता इसके आसपास भी नहीं दिखाई देती है। दरअसल दुनिया के देशों के लोग आज सबसे अधिक अपराध और हिंसा से प्रताडित है। कहीं भी और किसी भी देश के समाचार पत्र या मीडिया चैनलों को देखेंगे तो अपराध और हिंसा की खबरों की भरमार मिल जाएगी। दुनिया के देशों के लोगों से संवाद कायम कर सर्वे के माध्यम से रुझानों की जानकारी देने वाली संस्था इप्सांस की हालिया रिपोर्ट तो यही कहानी कहती है। इप्सांस की रिपोर्ट की माने तो दुनिया की पांच बड़ी चिंताओं में 32 प्रतिशत चिंता अपराध और हिंसा की है तो 30 प्रतिशत चिंता सरकारों द्वारा लोगों पर लगाये जाने वाले कर प्रावधानों को लेकर है। सामाजिक असमानता की चिंता 29 प्रतिशत है तो राजनीतिक भ्रष्टाचार और बढ़ती बेरोजगारी चिंता का कारण केवल 28 प्रतिशत ही बन पा रही है। यह तो उदाहरण मात्र है। पर इसमें कोई दो राय नहीं कि अपराध और हिंसा आज वैश्विक समस्या बनती जा रही है। दुनिया के देशों में कहीं ना कहीं से प्रतिदिन अपराध और हिंसा की खबरें प्रमुखता से सामने आ रही हो। जहां तक हिंसा का प्रश्न है उसके विषय में तो यह कहना ही पर्याप्त होगा कि जैसे कहावत है कि फलां के तो नाक पर ही गुस्सा बैठा रहता है, लगभग यह स्थिति आज के युवाओं में ही नहीं अपितु अधिकतर नागरिकों में होती जा रही है। जहां तक अपराध का प्रश्न है तो घरेलू हिंसा से लेकर संस्थागत हिंसा यानी की वर्ग विशेष द्वारा सामूहिक योजनाबद्ध हिंसा आम हो गई है। दुनिया के देशों में राजनीतिक अस्थिरता के चलते असंतोष के हालात, अन्य देशों में अवैध प्रवेश, अवैध निवास, शरणार्थियों की बढ़ती भीड़ और शरणार्थियों की सहज उपलब्धता के कारण हिंसा आम होती जा रही है। कई देशों में तो शरणार्थियों या विदेशी प्रवासियों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से हिंसा के हालात पैदा किया जा रहे हैं तो देशों के बीच युद्ध के हालातों के कारण भी हिंसा आम होती जा रही है। हिंसा का एक बड़ा कारण नई पीढ़ी में बढ़ता असंतोष है। जीवन शैली और रहन-सहन में बदलाव के कारण संवेदनशीलता और आपसी संबंध कहीं पीछे छूटते जा रहे हैं। मानसिकता कुंठित होती जा रही है। गलाकाट प्रतिस्पर्धा के कारण स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का स्थान कुंठा, संत्रास और मानसिक तनाव लेता जा रहा है और यह गुस्से के रूप में सामने आता है और यही कारण है कि मामूली से गाड़ी टच होने या साइड नहीं देने तक के कारण सामान्य वाद-विवाद एक दूसरे की जान के प्यासे होने तक पहुच जाता है। इसी तरह से अन्य देशों में शरणार्थी या अवैध निवास या अन्य कारणों से अब संगठित होकर माहौल खराब करना आम हो गया है। फ्रांस में आए दिन होने वाली घटनाएं इसका उदाहरण है। पिछले दिनों इस तरह की घटनाएं अमेरिका सहित दुनिया के बहुत से देशों में देखी गई है। राजनीतिक अस्थिरता की घटनाएं बांग्लादेश, श्रीलंका और नेपाल में देखी जा सकती है तो पाकिस्तान और अफगानिस्तान में जो कुछ घटित हो रहा है वह सामने है। इजरायल और हमास के बीच आए दिन आक्रमण की खबरें आ रही हैं। इससे होता यह है कि देश में हिंसा के हालात अधिक बनते हैं। यह भी साफ हो जाना चाहिए कि दुनिया के देशों में अपराध और अपराध के तरीकों में भी काफी बदलाव आया है। भारत सहित दुनिया के अधिकांश देश साइबर ठगी के बढ़ते ग्राफ से दो-चार हो रहे हैं। ठग साइबर ठगी के नित नए रास्ते निकालते हैं। कभी कॉल करके तो कभी क्लोन बनाकर सीधे ही राशि हड़प जाते है। इसी तरह से अपराधियों ने डिजिटल अरेस्ट का नया ही रास्ता निकाला है और मजेदार बात यह है कि डिजिटल अरेस्ट के शिकार होने वाले साधारण आदमी ना होकर उच्च शिक्षित और संपन्न नागरिक हो रहे हैं। हालात यह हो रहे हैं कि अपराधी पढ़े लिखे लोगों को हो ना जाने क्या क्या कल्पित भय दिखाकर बड़ी राशि ठगने में सफल हो जाते हैं। इसी तरह से तकनीक का सहारा लेकर सेक्सटोर्शन आम होता जा रहा है। पैसों वाले लोगों इस तरह के ठग महिलाओं का गिरोह बनाकर आसानी से शिकार बना रहे हैं। दुनिया के लगभग सभी देशों में अपराधियों द्वारा तकनीक का ठगी में उपयोग आम होता जा रहा है। लाख प्रयासों के बावजूद इस पर अंकुश नहीं लगाया जा सका है। दरअसल अपराध के नए नए तरीके सामने आते जा रहे हैं। हो यह रहा है कि अपराधियों की आरएण्डडी अधिक कारगर होती दिख रही है क्योंकि समग्र प्रयासों के बावजूद अपराध की कोई ना कोई नई तकनीक ले आते हैं। जब तक एक तरीके का तोड़ ढूंढा जाता है तब तक अपराध का नया तरीका सामने आ जाता है। ऐसे में दुनिया के देशों को हिंसा और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के पेरेलल आरएण्डडी सेल विकसित करनी होगी ताकि अपराध और हिंसा को कम किया जा सकें।

### जयंती

**अब्दुल कावी देसनावी**

जन्म-1 नवम्बर, 1930, नालन्दा; मृत्यु-7 जुलाई, 2011, भोपाल, प्रसिद्ध भारतीय, जिन्होंने उर्दू भाषा के लेखक के रूप में अपनी पहचान बनाई। उनको साहित्य का गजब का ज्ञान था, यही कारण है कि वे भारत तथा उर्दू भाषा की दुनिया की जानी मानी हस्ती थे। अब्दुल कावी देसनावी न केवल एक प्रसिद्ध लेखक बल्कि एक उर्दू शायर, आलोचक और भाषाविद भी थे अर्थात उनको भाषा का काफी ज्ञान था।

### पुण्यतिथि

**दामोदर मेनन**

जन्म-10 जून, 1906, केरल; मृत्यु-1 नवम्बर, 1980, भारत के प्रमुख स्वतन्त्रता सेनानियों में से एक थे। तत्कालीन समय में उनकी गिनती देश के बेहतरीन पत्रकारों में की जाती थी। उन्होंने महात्मा गाँधी के 'नमक सत्याग्रह' और 'सविनय अवज्ञा आन्दोलन' में सक्रिय रूप से भाग लिया। समाजवादी विचारों के होते हुए भी दामोदर मेनन गाँधी जी के अहिंसा के सिद्धांत में विश्वास करते थे।

### कल मिलेंगे

**इतिहास के टीचर ने चिंटू से पूछा**-अकबर का जन्म कब हुआ था?
**चिंटू**-सर मैं तो स्कूल पढ़ने आता हूं, डिलेवरी थोड़ी कराता हूं
चिंटू का जवाब सुनकर टीचर के होश उड़ गए...

### संजना भारती दैनिक

**भगवान शंकर जी के 11वें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-**संजय कुमार** द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-41, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित तथा ए-281सी, गली नं. 3, ए-ब्लॉक, अम्बिका विहार, शिव विहार, दिल्ली-110094 से प्रकाशित। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत संपादक उत्तरदायी।

**RNI No. : DELHIN/2016/70240**

**Phone No.: 9871221635**
**E-mail ID:** sanjanabharati16@gmail.com
(किसी भी वाद-विवाद में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही होगा।)

# बिहार में एनडीए सरकार लौटने के आसार प्रबल, जदयू के हाथ में रहेगी सत्ता की कुंजी!

**जहां तक सीटों व वोट शेयर की संभावित तस्वीर का सवाल है तो एनडीए (बीजेपी-जद(यू) + सहयोगी) को 125-165 सीट और 45-49% वोट शेयर मिलने की अटकलें लगाई जा चुकी हैं। जबकि इंडिया महागठबंधन (राजद-कांग्रेस-वामपंथी) को 63-110 सीट और 36-41% वोट शेयर की बातें बताई गई हैं। वहीं, जन सुराज (प्रशांत किशोर) को 4-10 सीट और 8-11 प्रतिशत वोट शेयर मिलने की संभावना जताई गई है**

-कमलेश पांडेय

**बिहार** विधानसभा चुनाव 2025 का शोर दिन-प्रतिदिन तेज होता जा रहा है, क्योंकि आगामी 6 और 11 नवंबर को वहां वोट डाले जाएंगे। इसलिए एनडीए, इंडिया गठबंधन और जनसुराज के नेताओं ने एक-दूसरे पर शाब्दिक गोले बरसा रहे हैं। एक दूसरे के अतीत और वर्तमान की बखिया उधेड़ी जा रही है। लिहाजा, एक सवाल सबकी जेहन को कुरेद रहा है कि क्या शब्दों के चुनावी मरहम से निर्धनता और अराजकता के बजबजाते घाव क्या भर पाएंगे। क्या नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव और प्रशांत किशोर लोगों का विश्वास जीत पाएंगे।

सबसे बड़ा सवाल यही कि मतलबपरस्ती के बयार में दोनों प्रमुख गठबंधनों में शामिल दलों की पारस्परिक गांठ कभी नहीं खुलेगी। यह बात मैं इसलिए उठा रहा हूँ कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की चालों ने 2015 और 2020 के जनादेशों की जिस तरह से खिल्ली उड़ाई और अपना राजनीतिक स्वार्थ साधा, उससे क्या वे मतदाता फिर से उनपर या उनके सहयोगियों पर भरोसा कर पाएंगे। यही बात पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पर भी लागू होती है। यदि एक बार फिर उन्होंने चाचा नीतीश कुमार को पटा लिया तो उस बिहार का क्या होगा, जो जंगलराज की पुनरावृत्ति सपने में भी नहीं चाहता। रही बात चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की, तो उनकी पार्टी जनसुराज की तासीर तो इंडिया गठबंधन से ही मिलती जुलती है। इसलिए उन्हें भी वोट देने का मतलब होगा, परोक्ष रूप से राहुल गांधी-तेजस्वी यादव के हाथों को मजबूत करना। यही वजह है कि बिहार के मतदाता असमंजस में हैं। उन्हें नागनाथ, सांपनाथ और बिच्छूनाथ में किसी पर भरोसा नहीं हो पा रहा है, लेकिन जब चुनाव है तो किसी को चुनना ही है। इसलिए नरेंद्र मोदी, अमित शाह और योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर वो ज्यादा गौर फरमा रहे हैं। उन्हें डर है कि ग्रेटर बंगलादेश का स्वप्न यदि साकार हुआ तो बिहार युद्ध भूमि में तब्दील हो सकता है।

खास बात यह है कि जहां राम मंदिर के विघ्नकर्ताओं, जानकी मंदिर के आलोचकों की बात योगी आदित्यनाथ छेड़ रहे हैं। गुंडों के खिलाफ यूपी वाला डंडा चलवाने के लिए एनडीए सरकार की वकालत कर रहे हैं। वहीं, सबको रोजगार देने, संविधान को बचाने, आरक्षण को विस्तृत बनाने और जंगलराज नहीं आने देने के आश्वासन तेजस्वी यादव दे रहे हैं। वहीं, प्रशांत किशोर दोनों सरकारों की करतूतें और बिहार के लोगों की मौलिक जरूरतों को पूरा करने के आश्वासन दे रहे हैं। इसलिए लोग यह समझ नहीं पा रहे हैं कि उनका असली हितचिंतक कौन है! यही वजह है कि चुनाव परिणामों को लेकर लगभग सभी प्रमुख ओपिनियन पोल्स में एनडीए (बीजेपी-जद(यू) गठबंधन) को स्पष्ट बढ़त और पुनः एनडीए सरकार बनने की भविष्यवाणी की जा रही है। पिछले 20 वर्षों से घुमाफिरा कर यही सरकार सत्ता में है भी। उधर, महागठबंधन (राजद-कांग्रेस-वामपंथी) पीछे है, जबकि जन सुराज पार्टी और अन्य छोटे दलों को सीमित सीटें मिलने का अनुमान है। चुनाव प्रचार तेज होने के बावजूद स्थिति पुरानी ही बरकरार है।

जहां तक सीटों व वोट शेयर की संभावित तस्वीर का सवाल है तो एनडीए (बीजेपी-जद(यू) + सहयोगी) को 125-165 सीट और 45-49% वोट शेयर मिलने की अटकलें लगाई जा चुकी हैं। जबकि इंडिया महागठबंधन (राजद-कांग्रेस-वामपंथी) को 63-110 सीट और 36-41% वोट शेयर की बातें बताई गई हैं। वहीं, जन सुराज (प्रशांत किशोर) को 4-10 सीट और 8-11 प्रतिशत वोट शेयर मिलने की संभावना जताई गई है। इन्हें युवाओं के बीच लोकप्रिय बताया गया है। रही बात अन्य छोटे दल यानी एआईएमआईएम आदि की) तो उन्हें 3-10 सीट मिलने की उम्मीद है। खास बात यह है कि मुख्यमंत्री पद के दावेदार के तौर पर लोगों ने तेजस्वी यादव (राजद) को 36.5-38% समर्थन दिया है, जिससे वो सबसे प्रबल चेहरा के रूप में सामने आए हैं। इससे उनके हौसले बुलंद हैं। वहीं मौजूदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार (जदयू) को 35-42% लोगों ने समर्थन दिया है। वह एनडीए ओर से मुख्य दावेदार समझे जाते हैं। जबकि प्रशांत किशोर (जन सुराज) को लोगों ने मात्र 9-23% समर्थन दिया है। उन्हें सिर्फ युवा वर्ग में बढ़त मिली है। जबकि बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट की बात करने वाले चिराग पासवान (एलजेपी आर) को लोगों ने महज 5-8% समर्थन दिया है। इस प्रकार अब तक के प्रमुख संघर्ष, सूबाई रुझान व क्षेत्रीय फर्क को समझते हुए यह माना जा रहा है कि बीजेपी की स्थिति अब मजबूत हो चुकी है, जबकि जदयू को अपनी पुरानी सीटों से नुकसान हो सकता है, क्योंकि तेजस्वी यादव उनपर भारी पड़ रहे हैं। वहीं, तेजस्वी यादव और महागठबंधन की मजबूती कुछ क्षेत्रों में बनी हुई है, पर राज्यस्तर पर एनडीए को मोटे तौर पर बढ़त मिलेगी, ऐसी अटकलें हैं। बताया जा रहा है कि जन सुराज की विशेष पकड़ युवाओं और शहरी वोटरों पर है; जबकि बाकी छोटे दल क्षेत्रीय प्रभाव तक सीमित हैं। इसप्रकार यदि जनसुराज ने एनडीए को ज्यादा नुकसान पहुंचाया तो तेजस्वी यादव के किस्मत की लॉटरी लग सकती है।

सच कहूं तो इन सब कयासों और सर्वे के आधार पर बिहार में एनडीए (बीजेपी+जदयू+सहयोगी) स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार के सबसे मजबूत दावेदार हैं, जबकि राजद के नेतृत्व वाला इंडिया महागठबंधन मुख्य विपक्ष में रहेगा। वहीं जन सुराज की सीटें पहली बार उल्लेखनीय स्तर पर पहुंच सकती हैं, क्योंकि वह अपनी पहली चुनाव ही लड़ रही है। स्पष्ट है कि बिहार में एनडीए सरकार लौटने के आसार प्रबल हैं और पूर्व की तरह ही जदयू के हाथ में सत्ता की कुंजी रहेगी।

(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# एनडीए और महागठबंधन दोनों का घोषणापत्र जारी

**किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी दी जाएगी और कृषि अवसंरचना में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। घोषणापत्र में कहा गया है कि बाढ़ प्रभावित उत्तर बिहार को अगले पांच वर्षों में पूरी तरह इस समस्या से मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। शहरी विकास के तहत चार और शहरों में मेट्रो रेल सेवा शुरू करने की घोषणा भी की गई है। राजधानी क्षेत्र में न्यू पटना नामक एक हरित परियोजना विकसित की जाएगी**

-नीरज कुमार दुबे

**बिहार** विधानसभा चुनावों से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और महागठबंधन ब्लॉक) दोनों ने अपने-अपने घोषणापत्र जारी कर दिए हैं। पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्रियों जीतन राम मांझी, चिराग पासवान तथा सांसद उपेंद्र कुशवाहा की मौजूदगी में एनडीए ने अपना विस्तृत घोषणापत्र प्रस्तुत किया। एनडीए के घोषणापत्र में एक करोड़ रोजगार, महिलाओं के सशक्तिकरण, औद्योगिक विकास और बुनियादी ढांचे में निवेश पर जोर दिया गया है। घोषणापत्र में हर जिले में मेगा स्किल सेंटर, औद्योगिक पार्क, महिला उद्यमिता मिशन, खेती के लिए एमएसपी की गारंटी, और सात नए एक्सप्रेसवे जैसी योजनाओं की घोषणा की गई है। इसके साथ ही गरीबों के लिए 50 लाख नए घर, 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली, मुफ्त राशन और बेहतर शिक्षा-स्वास्थ्य ढांचा का वादा किया गया है।

राजग के घोषणा पत्र के प्रमुख प्रावधानों में पिछड़े वर्गों के लिए विशेष आर्थिक सहायता का भी उल्लेख है। आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों (ईबीसी) को सरकार 10 लाख रुपये की सहायता देगी और उनके हितों के लिए उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में आयोग गठित किया जाएगा। इसके अलावा, कृषि क्षेत्र के लिए राजग ने कपूरी ठाकुर किसान सम्मान निधि शुरू करने की घोषणा की है, जिसे केंद्र और राज्य सरकार के समन्वय से लागू किया जाएगा।

किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी दी जाएगी और कृषि अवसंरचना में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। घोषणापत्र में कहा गया है कि बाढ़ प्रभावित उत्तर बिहार को अगले पांच वर्षों में पूरी तरह इस समस्या से मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। शहरी विकास के तहत चार और शहरों में मेट्रो रेल सेवा शुरू करने की घोषणा भी की गई है। राजधानी क्षेत्र में न्यू पटना नामक एक हरित (ग्रीनफील्ड) परियोजना विकसित की जाएगी। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सीतामढ़ी के पुनौरा धाम जानकी मंदिर को सीतापुरम के रूप में विकसित किया जाएगा। घोषणा पत्र में यह भी कहा गया है कि बिहार से विदेशी उड़ानें शुरू की जाएंगी और कई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे बनाए जाएंगे। साथ ही, राज्य में 10 नए औद्योगिक पार्क स्थापित किए जाएंगे और प्रत्येक जिले में फैक्टरी एवं विनिर्माण इकाइयां शुरू की जाएंगी।

राजग ने वादा किया है कि अगले पांच वर्षों में राज्य में 50 लाख करोड़ रुपए का निवेश आकर्षित किया जाएगा, जिससे औद्योगिक क्रांति की गारंटी सुनिश्चित होगी। शिक्षा के क्षेत्र में राजग ने केजी से पीजी तक निशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वादा किया है। अनुसूचित जाति के उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 2,000 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। राजग ने गरीब और वंचित वर्गों के लिए पंचामृत गारंटी की घोषणा की है, जिसके तहत मुफ्त राशन, पांच लाख रुपए तक का मुफ्त उपचार, 50 लाख पक्के मकान और सामाजिक सुरक्षा पेंशन सुनिश्चित की जाएगी राजग ने घोषणापत्र में कहा कि खेल के क्षेत्र में राज्य में बिहार स्पोर्ट्स सिटी का निर्माण किया जाएगा ताकि युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं मिल सकें। संगठित और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए भी विशेष प्रावधान किए गए हैं। घोषणा पत्र के अनुसार, गिग वर्कर्स और ऑटो चालकों को वित्तीय सहायता और कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। भाजपा ने कहा, यह घोषणापत्र प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और नीतीश कुमार के भरोसे का प्रतीक है।

दूसरी ओर, महागठबंधन ने अपने घोषणापत्र जिसे तेजस्वी प्रण' नाम दिया गया है, में हर परिवार को एक सरकारी नौकरी देने का वादा किया है। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम सत्ता में आए तो 20 दिन में हर परिवार को एक नौकरी दी जाएगी। घोषणापत्र में जीविका दीदी को स्थायी सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, पुरानी पेंशन योजना लागू करने, आउटसोर्स और कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों को नियमित करने और युवा, किसान व महिला सशक्तिकरण से जुड़ी 25 प्रमुख घोषणाएँ शामिल हैं।

देखा जाये तो बिहार की राजनीति में घोषणापत्र अब केवल नीतिगत दस्तावेज नहीं रहे, बल्कि भावनात्मक प्रोपेगेंडा बन चुके हैं। इस बार दोनों खेमों ने वादों की ऐसी बारिश की है कि आम मतदाता के लिए असली और नकली बादल में फर्क करना मुश्किल हो गया है। एनडीए का घोषणापत्र दिखने में व्यावहारिक और संरचनात्मक है-यह विकास, उद्योग और स्थिरता की बात करता है। वहीं महागठबंधन का घोषणापत्र भावनात्मक है-यह नौकरी, वेतन और सरकारी स्थायित्व जैसे सीधे वादे करके युवाओं के दिलों को छूने की कोशिश करता है।

एनडीए ने इस बार गारंटी को मुख्य शब्द बनाया है। मोदी की गारंटी और नीतीश का भरोसा, यह नारा सीधे जनता की याद्दाश्त में बैठाने की रणनीति है। घोषणापत्र का फोकस बुनियादी ढांचे पर है। जैसे-7 एक्सप्रेसवे, 3,600 किमी नई रेल लाइनें, हर जिले में मेडिकल कॉलेज और औद्योगिक पार्क का वादा किया गया है। लेकिन सवाल यह है कि क्या बिहार में उद्योग लगाने का माहौल तैयार है? बिजली, भूमि, कानून व्यवस्था और मानव संसाधन, ये चारों चुनौतियाँ अभी भी गंभीर हैं। देखा जाये तो एक करोड़ रोजगार का वादा तब तक महज नारा रहेगा जब तक बिहार में पूंजी निवेश आकर्षक नहीं बनता।

हालाँकि, एनडीए ने महिलाओं पर केंद्रित योजनाओं-लखपति दीदी मिशन और महिला उद्यमिता योजना" के जरिए ग्रामीण महिला वोट बैंक को साधने की कोशिश की है। नीतीश कुमार का पिछला रिकॉर्ड इस दिशा में अपेक्षाकृत मजबूत रहा है, इसलिए इस वर्ग में एनडीए का वादा विश्वसनीय दिखता है।

वहीं तेजस्वी यादव ने घोषणापत्र को पूरी तरह युवाओं के लिए डिजाइन किया है। 20 दिन में नौकरी जैसा वादा तात्कालिक रूप से आकर्षक जरूर लगता है, लेकिन वित्तीय दृष्टि से यह असंभव है। बिहार के राजस्व संसाधन सीमित हैं; अगर हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए, तो यह न केवल आर्थिक रूप से अव्यावहारिक होगा बल्कि शासन व्यवस्था भी चरमरा जाएगी। पुरानी पेंशन योजना, ठेका कर्मियों का स्थायीकरण और जीविका दीदी को सरकारी दर्जा देने जैसी घोषणाएँ वित्तीय बोझ को कई गुना बढ़ा सकती हैं। महागठबंधन ने भावनात्मक राजनीति का सहारा लिया है, पर शासन के व्यावहारिक समीकरणों को नजरअंदाज किया है।

अब सवाल उठता है कि जनता किसके घोषणापत्र से प्रभावित होगी? देखा जाये तो बिहार की जनता अब केवल वादों से नहीं, विश्वसनीयता से प्रभावित होती है। नीतीश कुमार की छवि एक अनुभवी प्रशासक की है, भले ही अब उनकी लोकप्रियता घट रही हो। मगर मोदी फैक्टर आज भी ग्रामीण और मध्यम वर्ग में भरोसे का प्रतीक है। दूसरी ओर तेजस्वी यादव युवाओं में उम्मीद जगाते हैं, लेकिन जंगलराज की पुरानी यादें अभी भी वोटरों के दिमाग में ताजा हैं। इसलिए, शहरी और मध्यम वर्ग के मतदाता संभवतः एनडीए के विकास और स्थिरता के वादे से आकर्षित होंगे, जबकि बेरोजगार युवा और निम्न वर्ग महागठबंधन की नौकरी और पेंशन की घोषणाओं की ओर झुक सकते हैं।

बहरहाल, एनडीए का घोषणापत्र एक दीर्घकालिक दृष्टि प्रस्तुत करता है लेकिन उसकी सफलता क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी। वहीं महागठबंधन का घोषणापत्र तत्काल राहत का सपना दिखाता है लेकिन उसकी विश्वसनीयता संदिग्ध है। बिहार के मतदाता अब भावनाओं से अधिक परिणाम चाहते हैं। वह जान चुके हैं कि रोजगार की राजनीति और विकास की राजनीति के बीच एक बहुत गहरा अंतर है। बिहार के लिए असली सवाल यह नहीं है कि कौन ज्यादा वादे करता है, बल्कि यह है कि कौन अपने वादों को निभा सकता है। और इस बार, जनता घोषणापत्र नहीं, विश्वसनीयता को वोट देगी।

## खेल/विदेश/कारोबार/फिल्म

# कनाडा में भारतीय मूल के व्यक्ति को हत्या के जुर्म में 25 साल की कैद

**(एजेन्सी)।** **कनाडा** की एक अदालत ने 2022 के हत्या के एक मामले में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को 25 साल कैद की सजा सुनाई है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। सिटी न्यूज की एक खबर के अनुसार, ब्रिटिश कोलंबिया के सर्वोच्च न्यायालय की एक जूरी ने मंगलवार को बलराज बसरा को हत्या और आगजनी का दोषी ठहराया।

सीबीसी की बुधवार की रिपोर्ट के अनुसार, एकीकृत हत्या जांच दल (आईएचआईटी) का कहना है कि बसरा 17 अक्टूबर 2022 को ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय की जमीन पर स्थित एक गोल्फ क्लब में विशाल वालिया की गोली मारकर हत्या के मामले में दोषी ठहराया जाने वाला तीसरा व्यक्ति है।

दो अन्य दोषियों, इकबाल कांग और डी बैपटिस्ट को पहले ही सजा सुनाई जा चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार, कांग को 17 साल की जेल और आगजनी के लिए पांच साल की अतिरिक्त सजा सुनाई गई थी, जबकि बैपटिस्ट को 17 साल तक बिना पैरोल के आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि तीनों दोषियों ने 38 वर्षीय विशाल वालिया की गोली मारकर हत्या करने के बाद एक वाहन को आग लगा दी थी।

खबर के अनुसार, वैंकूवर पुलिस विभाग (वीपीडी) के अधिकारियों ने तुरंत ही संदिग्धों की पहचान कर ली थी। आरोपी घटनास्थल से फरार हो गए थे।

# सीजफायर के लिए सहमत हुए पाकिस्तान-अफगानिस्तान, तुर्किए ने किया एलान

**(एजेन्सी)।** **तुर्की** ने बताया कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान अपने बीच अब तक के सबसे भीषण सीमा संघर्ष को समाप्त करने के उद्देश्य से इस्तांबुल में वार्ता के बाद अंततः युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। तुर्की के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दोनों पक्ष युद्धविराम के कार्यान्वयन के तौर-तरीकों पर आगे चर्चा करने के लिए 6 नवंबर को इस्तांबुल में एक और बैठक करेंगे। बयान में कहा गया है कि अफगानिस्तान, पाकिस्तान, तुर्की और कतर ने 25-30 अक्टूबर 2025 तक इस्तांबुल में बैठकें कीं, जिसका उद्देश्य युद्ध विराम को मजबूत करना था, जिस पर अफगानिस्तान और पाकिस्तान ने 18-19 अक्टूबर 2025 को दोहा में तुर्की और कतर की मध्यस्थता से सहमति व्यक्त की थी। बयान के अनुसार, अफगानिस्तान और पाकिस्तान शांति बनाए रखने और उल्लंघन करने वाले पक्ष पर जुमार्ना लगाने को सुनिश्चित करने के लिए "एक निगरानी और सत्यापन तंत्र स्थापित करने पर सहमत हुए हैं"। इसमें कहा गया है कि तुर्की और कतर दोनों ने दोनों पक्षों के सक्रिय योगदान की सराहना की है और स्थायी शांति और स्थिरता के लिए दोनों पक्षों के साथ सहयोग जारी रखने के लिए तैयार हैं। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने युद्धविराम समझौते की पुष्टि करते हुए कहा है कि दोनों पक्ष आगे भी बैठकें करते रहेंगे। एक बयान में तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि अफगानिस्तान "आपसी सम्मान और गैर-हस्तक्षेप के आधार पर पाकिस्तान के साथ अच्छे संबंध चाहता है।

हालाँकि, पाकिस्तान ने अभी तक युद्धविराम समझौते पर कोई प्रतिक्रिया या बयान जारी नहीं किया है। पाकिस्तान द्वारा अफगानिस्तान में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के ठिकानों पर हवाई हमले किए जाने के बाद दोनों पक्षों के बीच सीमा पर झड़पें शुरू हो गई थीं। पाकिस्तान, अफगानिस्तान पर टीटीपी आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप लगाता है, हालाँकि अफगानिस्तान इस आरोप का लगातार खंडन करता रहा है। इन झड़पों में कई लोग मारे गए हैं और सैकड़ों लोग विस्थापित हुए हैं, जिसके कारण कतर और तुर्की को हस्तक्षेप करना पड़ा है। गौरतलब है कि इस महीने की शुरूआत में दोहा में हुई बातचीत के बाद दोनों पक्ष युद्धविराम पर सहमत हुए थे, लेकिन यह समझौता विफल रहा।

# अमित शाह 10 नवंबर को कोऑपरेटिव कुम्भ 2025 का करेंगे उद्घाटन

**(एजेन्सी)।** **केंद्रीय** गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह शहरी सहकारी बैंकों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कोऑपरेटिव कुम्भ 2025 का 10 नवंबर को उद्घाटन करेंगे। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में शहरी सहकारी बैंकों के सम्मेलन का नयी दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में 10-11 नवंबर को आयोजन होने वाला है। इसे कोऑपरेटिव कुम्भ 2025 का नाम दिया गया है।

नेशनल फेडरेशन ऑफ अर्बन कोआपरेटिव बैंक एंड क्रेडिट सोसाइटीज के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय सहकारिता मंत्री करेंगे। वहीं, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के समापन समारोह में शामिल होने की संभावना है। नेशनल फेडरेशन ऑफ अर्बन कोआपरेटिव बैंक एंड क्रेडिट सोसाइटीज के अध्यक्ष लक्ष्मी दास ने एक बयान में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भारत और दूसरे देशों के शहरी सहकारी बैंकों के 1200 चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के हिस्सा लेने की उम्मीद है। इस दो-दिवसीय समेल्लन में ओपन बैंकिंग, डिजिटल ऋण, बैंकों में कृत्रिम मेधा के इस्तेमाल, ऋण वृद्धि, प्रौद्योगिकी संबंधी आधुनिकीकरण और भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं की सफलता में शहरी सहकारी बैंकों की भूमिका पर चर्चा की जाएगी।

# महिला टीम ने रचा इतिहास, कोहली ने किया सलाम



**(एजेन्सी)।** स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने आईसीसी महिला विश्व कप 2025 में ऑस्ट्रेलिया पर सेमीफाइनल में शानदार जीत के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सराहना की और इसे लचीलेपन, विश्वास और जुनून का सच्चा प्रदर्शन बताया। महिला क्रिकेट इतिहास के सबसे रोमांचक रनों का पीछा करते हुए, जेमिमा रोड्रिग्स के शानदार शतक और कप्तान हरमनप्रीत कौर की एक और बड़ी पारी की बदौलत भारत ने 339 रनों का लक्ष्य हासिल किया, जो महिला वनडे मैचों में अब तक का सर्वोच्च और पुरुष व महिला विश्व कप के नॉकआउट मुकाबलों में अब तक का सर्वश्रेष्ठ लक्ष्य है।

ब्लूज की जीत पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, कोहली ने एक्स पर लिखा, "ऑस्ट्रेलिया जैसे शक्तिशाली प्रतिद्वंद्वी पर हमारी टीम की क्या ही शानदार जीत है। लड़कियों ने शानदार पीछा किया और जेमिमा ने एक बड़े मैच में शानदार प्रदर्शन किया। लचीलेपन, विश्वास और जुनून का सच्चा प्रदर्शन। शाबाश, टीम इंडिया!" टीम इंडिया के वनडे और टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इस मेगा इवेंट के सेमीफाइनल में हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम के प्रदर्शन पर अपने विचार साझा किए। गिल ने आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के सेमीफाइनल में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के जोशीले प्रदर्शन की सराहना की और ऑस्ट्रेलिया पर जीत को उनके "पूर्ण साहस और शानदार प्रयास" का प्रमाण बताया।

# 60वां जन्मदिन मनाने के लिए उत्सुक हैं शाहरुख खान

**(एजेन्सी)।** **अभिनेता** शाहरुख खान दो नवम्बर को प्रशंसकों के साथ अपना 60वां जन्मदिन मनाने के लिए उत्सुक हैं और उनका मानना है कि उम्र बढ़ने के साथ वह और भी बेहतर दिखने लगे हैं। सोशल मीडिया मंच एक्स पर आयोजित हैशटैग आस्कएसआरके सत्र में शाहरुख ने कई सवालों के जवाब दिए जिनमें उनकी जन्मदिन की योजनाओं, आगामी फिल्मों, जीवन दर्शन से लेकर उनके दोनों बच्चों - आर्यन और सुहाना के करियर से जुड़े सवाल भी शामिल थे।

शाहरुख अपने प्रशंसकों से जुड़े रहने के लिए नियमित रूप से यह सत्र आयोजित करते हैं। शाहरुख ने बृहस्पतिवार को प्रशंसकों का अभिवादन करते हुए सत्र की शुरूआत की, जिसमें लिखा था, सभी को नमस्कार। अच्छा समय रहा है... पुरस्कार... सीरीज रिलीज... सालगिरह और सभी अच्छी चीजें... सोचा कि आपके साथ कुछ सुखद जवाब साझा करूं। तो अगर आप फ्री हों तो कृपया हैशटैग आस्कएसआरके के लिए जुड़ें, सभी को प्यार, चलिये शुरू करते हैं। जब एक प्रशंसक ने पूछा, आप इतने आकर्षक क्यों हैं?, तो शाहरुख ने मजाकिया अंदाज में जवाब दिया, मुझे लगता है कि उम्र मुझ पर जंचती है... साठ की उम्र में भी आकर्षक दिखता हूं!! सत्तर की उम्र में शानदार... अस्सी की उम्र में आकर्षक वगैरह। अभिनेता ने हाल में अपने बेटे आर्यन खान की सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड की सफलता और जवान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने का जश्न मनाया।

अभिनेता से पूछे गए सवालों में हास्यपूर्ण चुटकुलों, प्रेम और वास्तविक जिज्ञासा से भरे सवाल थे और शाहरुख ने अपनी विशिष्ट शैली में गर्मजोशी के साथ उनका जवाब दिया। यह पूछे जाने पर कि अभिनेता ने हाल ही में कोई साक्षात्कार क्यों नहीं दिया, उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा, मेरे पास कहने को कुछ नया नहीं है... और पुराने साक्षात्कार भी पुराने हो गए हैं, इसलिए... हा हा। एक अन्य प्रशंसक ने पूछा, कभी-कभी फरिश्ते डिंपल के साथ आते हैं। क्या यह सच है? जिस पर अभिनेता ने तुरंत जवाब दिया, हमेशा... और बिखरे बालों के साथ। एक अन्य प्रशंसक ने बताया कि वे स्टार के आगामी 60वें जन्मदिन पर उनके आवास मन्नत में आयोजित वार्षिक प्रशंसक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुंबई आए हैं।

# मेलबर्न में भारत की बल्लेबाजी फ्लॉप

**(एजेन्सी)।** मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए दूसरे टी20 मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हर विभाग में मात देते हुए अपना दबदबा बनाया। शुरूआत से ही मेजबान टीम पूरी तरह से नियंत्रण में दिखी, जबकि भारत बल्ले और गेंद दोनों से लय हासिल करने में जूझता रहा। अभिषेक शर्मा मेहमान टीम के लिए एकमात्र आकर्षक खिलाड़ी रहे, जिन्होंने शुरूआत में ही ताबड़तोड़ शुरूआत की। उन्होंने 37 गेंदों पर 68 रनों की पारी खेली, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से ज्यादा सहयोग नहीं मिला। उनके सलामी जोड़ीदार शुभमन गिल पाँच रन बनाकर सस्ते में आउट हो गए, जबकि संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और अक्षर पटेल केवल दहाई के अंक तक ही पहुँच पाए। बाद में, हर्षित राणा ने 33 गेंदों पर 35 रनों की जबरदस्त पारी खेली और 56 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी करके भारत को 125 रनों तक पहुँचाया। जवाब में, ऑस्ट्रेलिया ने आसानी से लक्ष्य का पीछा किया। ट्रैविस हेड ने 15 गेंदों में 28 रनों की तेज पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई, जिसके बाद कप्तान मिशेल मार्श ने पारी की शुरूआत की। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया और 26 गेंदों में 46 रनों की पारी खेलकर सुनिश्चित किया कि कोई रुकावट न आए। उनके आउट होने के बाद भी, मेजबान टीम ने अपनी लय बनाए रखी और छह ओवर शेष रहते जीत हासिल कर ली।

# नितिन सक्सेना बरौनी हर्ल के बने यूनिट हेड



**संजना भारती संवाददाता**

**बीहट(बेगूसराय)।** हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड बरौनी इकाई के परियोजना प्रमुख संजय कुमार गुप्ता का एच.यू.आर.एल.के नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में वाइस प्रेसिडेंट प्रोडक्शन एवं टेक्निकल ऑपरेशन पद पर स्थानांतरण हो गया है।

शुक्रवार को एच.यू. आर.एल.के गोरखपुर इकाई से स्थानांतरित होकर आए नितिन सक्सेना, बिजनेस यूनिट हेड बरौनी इकाई को कार्यभार सौंपा। नितिन सक्सेना हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड की बरौनी इकाई के प्रमुख की भूमिका निभाएंगे।

यह जानकारी एच.यू.आर.एल. बरौनी इकाई के कारखाना प्रबंधक मनीष कुमार द्वारा साझा की गई।

# एक भारत, श्रेष्ठ भारत का आह्वानः जयपुर में एकता दौड़ के साथ डीजीपी ने दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर हुआ भव्य आयोजन



**संजना भारती संवाददाता**

**जयपुर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को जयपुर में राष्ट्रीय एकता का संदेश देते हुए एक भव्य रन फॉर यूनिटी (राष्ट्रीय एकता दौड़) का आयोजन किया गया। इस दौड़ में महानिदेशक पुलिस श्री राजीव शर्मा सहित पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

इस दौड़ का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए नागरिकों को प्रेरित करना है। यह एकता दौड़ शहर के प्रमुख स्थानों से होकर गुजरी। गांधी सर्किल से शुरू हुई यह दौड़ बिड़ला मंदिर, रामबाग और अंबेडकर सर्किल होते हुए अमर जवान ज्योति पर समाप्त हुई। दौड़ में शामिल सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता और सद्भाव का संदेश देते हुए जोड़ा गया, जिसने जयपुर शहर में एक सकारात्मक और देशभक्तिपूर्ण माहौल का निर्माण किया। दौड़ के सफल समापन के तुरंत बाद डीजीपी श्री राजीव शर्मा ने पुलिस मुख्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जहाँ उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस शपथ में सभी ने एकजुटता और देश की संप्रभुता को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लिया।

पुलिस मुख्यालय में आयोजित इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस सर्वश्री हवा सिंह घुमरिया, बीजू जार्ज जोसेफ, रूपिंदर सिंह, भूपेंद्र साहू, बी एल मीणा तथा पुलिस महानिरीक्षक प्रफुल्ल कुमार शामिल थे। इन सभी वरिष्ठ अधिकारियों सहित पुलिस मुख्यालय में कार्यरत अन्य सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय एकता की शपथ ली।

# नपा राजौंद ने नागरिकों से प्रोपर्टी टैक्स जमा कराने की अपील की

## हरियाणा सरकार के निर्देश पर समय पर टैक्स न भरने वालों की प्रोपर्टी होगी सीजः नपा सचिव नरेंद्र शर्मा

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** नगरपालिका राजौंद ने नगर क्षेत्र के सभी प्रोपर्टी धारकों को शीघ्र प्रोपर्टी टैक्स जमा करवाने की अपील की है। नपा सचिव नरेंद्र शर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार व उच्च प्रशासनिक अधिकारियों के निर्देशानुसार जिन प्रोपर्टी धारकों ने अब तक प्रोपर्टी टैक्स जमा नहीं करवाया है, नियमोनुसार उनके विरुद्ध प्रोपर्टी सीज करने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्पष्ट आदेश जारी किए हैं कि निर्धारित समय सीमा तक टैक्स न भरने वाले प्रोपर्टी मालिकों की संपत्ति सील की जा सकती है। इसलिए सभी प्रोपर्टी धारक बिना विलंब के नगरपालिका कार्यालय में या ऑनलाइन माध्यम से अपना टैक्स जमा करवाएं।

नपा सचिव ने कहा कि नगर पालिका प्रशासन का उद्देश्य जनता को असुविधा देना या परेशान करना नहीं है, बल्कि



नपा सचिव नरेंद्र शर्मा।

राजस्व संग्रह को सुचारू बनाकर नगर में विकास कार्यों को गति देना है। उन्होंने कहा कि टैक्स से प्राप्त धनराशि का उपयोग गलियों, नालियों, स्ट्रीट लाइटों, पार्क, ओपन जिम और स्वच्छता कार्यों में किया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि यदि किसी प्रोपर्टी धारक ने समय रहते टैक्स जमा नहीं करवाया, तो सरकारी आदेशों के तहत नपा प्रशासन द्वारा उनकी प्रोपर्टी सीज करने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। बताया गया कि सरकार के निर्देश पर सीज की गई प्रोपर्टी नीलाम करने का प्रावधान भी है।

नपा सचिव नरेंद्र शर्मा ने नगरवासियों से अपील की कि वे समय पर टैक्स जमा कर ईमानदार, कानून प्रिय, राष्ट्र भगत नागरिक होने का दायित्व निभाएं।

# राजौंद में राष्ट्रीय एकता दिवस पर 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम थाना प्रभारी राजौंद सब-इंस्पेक्टर राजकुमार की अगुवाई में हुआ आयोजित

## विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, नगर के मौजिज नागरिकों, समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग



**संजना भारती संवाददाता**

**राजौंद।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार, 31 अक्टूबर को नगर राजौंद में राष्ट्रीय एकता दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 'रन फॉर यूनिटी' (एकता दौड़) का आयोजन किया गया, जिसकी अगुवाई थाना प्रभारी राजौंद सब-इंस्पेक्टर राजकुमार ने की।

कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 6:00 बजे महाराणा प्रताप चौक, राजौंद से बस अड्डा व बस अड्डा से कैथल मार्ग गुरूद्वारा साहिब तक की गई। दौड़ में बड़ी संख्या में राजौंद प्रशासन, पुलिस बल, शिक्षक, खिलाड़ी, कोच, स्कूल, कॉलेज, आईटीआई के छात्र-छात्राओं, नगर के सामाजिक संगठन सदस्यों, मार्केट यूनियन पदाधिकारी व सदस्य, सामाजिक व धार्मिक संगठन सदस्यों ने भाग लिया। मेन बाजार राजौंद मार्केट यूनियन के प्रधान भीम सिंह राणा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य देश में एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को सशक्त बनाना है। थाना प्रभारी राजौंद सब-इंस्पेक्टर राजकुमार ने कहा कि कहा कि सरदार पटेल ने स्वतंत्र भारत की एकता और अखंडता की नींव रखी थी और यह दिन उनके योगदान को याद करने का प्रतीक है। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख व्यक्तियों में दीपक सरपंच, मोहन, नीरज, मोनू, सागर, दयानंद बीर बंगड़ा, कपिल शर्मा, प्रधान भीम सिंह राणा, प्रधान सन्नी शर्मा, अमन शर्मा, वीरेंद्र राणा, अरुण कुमार, शेखर दीक्षित, लोकेश राणा, अनिल अरोड़ा, सुनील कुमार, रमन शर्मा, संजीव, रोहताश कश्यप सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

दौड़ के समापन पर प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में थाना प्रभारी राजकुमार ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं में देशभक्ति और एकता की भावना को मजबूत बनाते हैं।

# महागठबंधन समर्पित कांग्रेस प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**एसबी ब्यूरो**

**बेगूसराय।** महागठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी अमिता भूषण का जनसंपर्क अभियान अनवरत जारी है। जनसंपर्क अभियान के क्रम में शुक्रवार को श्रीमती भूषण ने नगर निगम क्षेत्र के गाछी टोला और बाघा का दौरा किया।

नगर निगम में भ्रमण के पश्चात श्रीमती भूषण ग्रामीण क्षेत्र पहुंची। ग्रामीण क्षेत्र में उन्होंने अझौर पंचायत में मतदाताओं से आशीर्वाद लिया। अझौर के पश्चात श्रीमती भूषण वीरपुर प्रखंड के नौला, करीमटोल में मतदाताओं से संपर्क साधा। इस दौरान घटक दल के कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता अमिताभूषण के साथ थे।



श्रीमती भूषण ने कहा कि मतदाता ने अपना मन बना लिया है, विकास की गाड़ी जो पटरी से उतर चुकी है पिछले 5 सालों में उसे वापस लाने का मेरा प्रयास है। लोग टूटी सड़क नाली, बिजली, पर्चा आदि की समस्याओं से पीड़ित हैं। जिन लोगों को विकास का झांसा देकर बरगलाया है आज उनके पास मौका है।

# तेघड़ा के विधायक प्रत्याशी चंद्रप्रकाश सिंह का मजदूरों ने किया विरोध

**एसबी ब्यूरो**

**तेघड़ा (बेगूसराय)।** तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र से जनशक्ति जनता दल पार्टी के प्रत्याशी चंद्रप्रकाश सिंह पर तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गरीब मजदूरों ने मजदूरी करावाकर मेहनताना नहीं देने, मांगने पर गरीब मजदूरों के साथ गाली-गलौज करने, अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। यह आरोप तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बरौनी फ्लैग निवासी राहुल कुमार सिंह, ताजपुर निवासी युगल किशोर कुंवर, तेघड़ा बाजार निवासी संतोष चौधरी सहित दर्जनों गरीब दैनिक मजदूरों ने चंद्रप्रकाश सिंह पर मजदूरी नहीं देने का आरोप लगाया है।

मजदूरों ने आक्रोशित होकर तेघड़ा के मतदाताओं से अपील करते हुवे कहा कि ऐसे लोग को वोट देना बेकार है। पीड़ित मजदूरों ने चंद्रप्रकाश सिंह के प्रति आक्रोशपूर्ण विरोध प्रकट किया।

# वन राज्यमंत्री ने अलवर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन



**संजना भारती संवाददाता**

**जयपुर।** वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयन्ती व राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य पर शुक्रवार को अलवर के बाबूशोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय एवं अपना घर शालीमार में सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। वन राज्य मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल देश की एकता व अखण्डता के प्रतीक हैं तथा भारत को जो विराट स्वरूप दिखाई दे रहा है उनकी कर्मठता की देन है। देश सदैव उनका ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूती के साथ विकास के पथ पर आगे बढ रहा है।

इसके उपरान्त वन मंत्री श्री शर्मा ने यूआईटी द्वारा टेल्को सर्किल पर कराए जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता व समयबद्धता को विशेष ध्यान रखा जावे। उन्होंने कहा कि अलवर का निरन्तर चहुंमुखी विकास हो रहा है, जिसमें बायोलोजिकल पार्क, साइंस पार्क, बालिका महाविद्यालय के साथ अलवर शहर के प्रमुख मार्गों पर प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शहर के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं रखी जाएगी।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया यूनिटी मार्च वॉकथॉन का शुभारंभ, सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि

**संजना भारती संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया यूनिटी मार्च वॉकथॉन का शुभारंभ, सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर घंटाघर में उनकी मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं एकता पदयात्रा का शुभारंभ कर उसमें प्रतिभाग भी किया।

इस अवसर पर उन्होंने स्वदेशी अपनाने और नशा मुक्त उत्तराखंड की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने भारत के लौह पुरुष, भारत रत्न, सरदार वल्लभभाई पटेल को नमन करते हुए कहा कि उनके अदम्य साहस, दूरदर्शिता और राष्ट्र समर्पण की भावना के कारण ही आज भारत एक शक्तिशाली और एकीकृत राष्ट्र के रूप में खड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल का सम्पूर्ण जीवन देश की एकता और अखंडता को समर्पित था। उन्होंने 560 से अधिक रियासतों को एक सूत्र में पिरो कर अखंड भारत का निर्माण किया। ऐसे महापुरुष के योगदान को नमन करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 से उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया, जो उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि राज्यभर में 16 नवंबर तक प्रत्येक जिले के तीन स्थानों पर वॉकथॉन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रत्येक आयोजन स्थल पर 8 से 10 किलोमीटर की पदयात्रा के साथ नशा मुक्त भारत, एक पेड़ मां के नाम तथा




आत्मनिर्भर भारत जैसे जनजागरूकता अभियानों को भी जोड़कर समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वॉकथॉन केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि भारत की विविधता में एकता की भावना को सशक्त करने का माध्यम है। इससे युवाओं में राष्ट्र निर्माण, अनुशासन, और सेवा की भावना प्रबल होगी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात करते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के लक्ष्य की दिशा में राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने आह्वान किया कि राज्य के सभी नागरिक एकजुट होकर इस संकल्प को साकार करने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री सतपाल महाराज, श्री गणेश जोशी श्रीमती रेखा आर्या, राज्यसभा सांसद श्री नरेश बंसल, विधायक श्री खजानदास, श्रीमती सविता कपूर, अन्य जनप्रतिनिधिगण, जिलाधिकारी देहरादून श्री सविन बंसल एवं एसएसपी अजय सिंह मौजूद थे।

# सीमांत गांव मिलम में मुख्यमंत्री ने की आई.टी.बी.पी जवानों और स्थानीय नागरिकों से भेंट

**संजना भारती संवाददाता**

**देहरादून।** सीमांत गांव मिलम में मुख्यमंत्री ने की आई.टी.बी.पी जवानों और स्थानीय नागरिकों से भेंट मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को पिथौरागढ़ जिले के सीमांत गांव मिलम का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने भारततिब्बत सीमा पुलिस के जवानों से मुलाकात कर उनके राष्ट्रसेवा के जज्बे और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में भी समर्पण भाव से किए जा रहे कार्यों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की सुरक्षा और सीमाओं की रक्षा में जवानों का योगदान अतुलनीय है और उनका अनुशासन, परिश्रम एवं देशभक्ति सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान सीमांत क्षेत्र के स्थानीय ग्रामीणों से भी संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों से क्षेत्र के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और मूलभूत सुविधाओं से संबंधित विषयों पर चर्चा की तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी साझा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सीमांत गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत इन क्षेत्रों को बुनियादी सुविधाओं से जोड़ने, स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने और गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास तेजी से जारी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार सीमांत क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

# मुख्यमंत्री ने किया बिल लाओ, ईनाम पाओ मेगा लकी ड्रॉ के साथ राज्य स्थापना रजत जयंती समारोह का शानदार शुभारंभ

**संजना भारती संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री ने किया बिल लाओ, ईनाम पाओ मेगा लकी ड्रॉ के साथ राज्य स्थापना रजत जयंती समारोह का शानदार शुभारंभ नैनीताल की सोनिया और टिहरी के जसपाल रावत ने जीती इलेक्ट्रिक कार बिल लाओ, ईनाम पाओ से बढ़ा राजस्व और कर अनुपालन उपभोक्ता जागरूकता व जनभागीदारी का प्रतीक बनी योजना प्रदेश में यह योजना अभी जारी रहेगी मुख्यमंत्री।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य स्थापना रजत जयंती समारोह का शुभारंभ करते हुए शुक्रवार को सचिवालय में बिल लाओ, ईनाम पाओ के अंतर्गत मेगा लकी ड्रॉ निकाला। राज्य कर विभाग, उत्तराखंड द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 1888 लकी ड्रॉ विजेता चुने गए। नैनीताल जनपद की सोनिया और टिहरी जनपद के जसपाल रावत ने प्रथम विजेता के रूप में एकएक इलेक्ट्रिक कार जीती। मुख्यमंत्री ने दोनों विजेताओं से फोन पर बात कर उन्हें शुभकामनाएं भी दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिल लाओ, ईनाम पाओ योजना राज्य में जारी रहेगी। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस नवाचार ने राज्य के राजस्व संग्रहण को एक नई चेतना और ऊर्जा दी है। वर्ष 2022 में शुरू की गई इस योजना के माध्यम से जनभागीदारी को कर प्रणाली से सीधे जोड़ने का प्रयास किया गया। इस योजना के तहत 6 लाख 50




हजार बिलों के माध्यम से 263 करोड़ रुपये का लेनदेन लोगों द्वारा अपलोड किया गया। इससे व्यापारी वर्ग में कर अनुपालन की संस्कृति को बढ़ावा मिला है और राज्य की राजस्व प्राप्ति में निरंतर वृद्धि दर्ज हुई है। यह योजना आज एक ओर जहां उपभोक्ता जागरूकता का सशक्त माध्यम बन चुकी है, वहीं साझा जिम्मेदारी का प्रतीक भी बनकर उभरी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के माध्यम से व्यवसायियों को भी सहूलियत मिली है। राज्य सरकार व्यापार तंत्र को और अधिक कुशल व पारदर्शी बनाने के लिए सतत प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में व्यापार, उद्यम और रचनात्मकता को साथ लेकर लोगों में नया विश्वास पैदा किया जा रहा है। भ्रष्टाचार मुक्त व भयमुक्त वातावरण में आज व्यापारी वर्ग पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित महसूस कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य में अनेक नवाचार किए जा रहे हैं। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और वार्षिक व्यापार सुधार कार्य योजना के माध्यम से राज्य में निवेश और उद्यमिता के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जा रहा है। राज्य के राजस्व वृद्धि की दिशा में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्य में वित्तीय प्रबंधन में नवाचार, संसाधनों के मितव्ययी उपयोग और नवाचारों के अधिकतम प्रयोग पर बल दिया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता से अपील की कि प्रत्येक खरीदारी पर बिल अवश्य मांगें और लेनदेन को पारदर्शी बनाकर राज्य के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं। मेगा लकी ड्रॉ में 2 विजेताओं ने इलेक्ट्रिक कार, 16 विजेताओं ने कार, 20 विजेताओं ने ईस्कूटर, 50 विजेताओं ने मोटरसाइकिल, 100 विजेताओं ने लैपटॉप, 200 विजेताओं ने स्मार्ट टीवी, 500 विजेताओं ने टैब, तथा 1000 विजेताओं ने माइक्रोवेव एवं अन्य पुरस्कार जीते।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री गणेश जोशी, सचिव वित्त श्री दिलीप जावलकर, आयुक्त राज्य कर श्रीमती सोनिका, अपर सचिव श्री नवनीत पांडेय, अपर सचिव श्री मनमोहन मैनाली, उद्योग व्यापार समूह से श्री पंकज गुप्ता, श्री राजीव अग्रवाल, श्री सुनील मैसन, चार्टर्ड एकाउंटेंट श्री रवि माहेश्वरी, श्री संजीव गोयल, टैक्स बार एसोसिएशन से श्री सुमित ग्रोवर, श्री योगेश चोपड़ा एवं राज्य कर विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने किया एक मजबूत और अखंड राष्ट्र का निर्माण: विधायक योगेन्द्र राणा

## असंध में आयोजित रन फॉर यूनिटी को विधायक योगेन्द्र राणा ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असंध।** लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को तहसील परिसर में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें असंध के विधायक योगेन्द्र राणा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर एसडीएम राहुल रईया (आईएएस), तहसीलदार नवजीत कौर बराड़, नपा चेयरपर्सन सुनीता रानी, नायब तहसीलदार राधेश्याम, नपा सचिव प्रदीप जैन सहित उपमंडल के सभी अधिकारी व नपा कर्मचारी, पार्षदों, अध्यापकों व स्कूली बच्चों ने देश की एकता व अखंडता का संकल्प लेते हुए रन फॉर यूनिटी की दौड़ में भाग लिया। यह दौड़ तहसील परिसर से आरम्भ होकर सालवन चौंक, जींद चौंक, नानकपुरा चौंक से होती हुई सालवन चौंक पर इसका समापन हुआ। इस दौरान विधायक योगेन्द्र राणा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल ने एकता को बढ़ावा देते हुए भारत को एक मजबूत, अखंड शक्तिशाली राष्ट्र बनाने का कार्य किया। आज की युवा पीढ़ी को उनके विचारों व आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ऐसे व्यक्तित्व थे, जिनके किये हुए कार्य को आज पूरा देश याद करता है। सरदार वल्लभभाई पटेल ने उस समय एक नारा दिया था कि यदि हमारा देश समृद्ध और आत्मनिर्भर होगा तभी हम आगे बढ़ पाएंगे। उन्होंने कहा जिस समय विदेशी ताकते जो हमारे देश में राज करती थी, वह कभी नहीं चाहती थी कि हमारा देश सुदृढ़ हो, आगे बढ़े और मजबूत राष्ट्र बने, लेकिन जिस कार्यकुशुलता के साथ सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एक किया उस कार्य को आगे बढ़ाने का काम नरेन्द्र मोदी की सरकार कर रही है।

उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने आजादी के बाद देश को एकता के सूत्र में बांधने के लिए 560 से अधिक रियासतों का एकीकरण किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का राजनीतिक कौशल, देश के प्रति समर्पण व एकता का जो भाव था, उससे आज पूरे देशवासियों को सीख लेने की जरुरत है। विधायक ने कहा कि हम सबको गर्व है कि पिछले 11 वर्षो में इस देश में जो-जो कार्य प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में हुए, चाहे एक भारत श्रेष्ठ भारत की बात हो, चाहे आत्मनिर्भर भारत, स्वच्छ भारत, शिक्षा, महिलाओं के सम्मान की बात हो, हर क्षेत्र में प्रधानमंत्री ने आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य किया है।

इस मौके पर नपा वाईस चेयरमैन राजिन्द्र ढिंगड़ा, जिला उपाध्यक्ष संजय राणा, मार्किट कमेटी चेयरमैन प्रवीन मुनक, सुशील शर्मा, रामअवतार जिंदल, मंडलाध्यक्ष हिमांशु छाबड़ा, जयभगवान जांगड़ा, विजय राणा, सुलेन्द्र कादियान, सुभाष राणा, पाषर्द जगदीश गर्ग, विजय गर्ग, सतीश वर्मा, रविदत्त कौशिक सहित काफी संख्या में स्कूली बच्चें, अध्यापक, पार्षदगण, प्रशासनिक अधिकारी, नपा कर्मचारी व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।


## राजकीय मीडल स्कूल गांव नीमवाला, खंड राजौंद, जिला कैथल की ओर से

## 1 नवम्बर हरियाणा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




मुख्य अध्यापक लख्मी चंद, समस्त स्टाफ, एसएमसी प्रधान एवं मैम्बर


# नगरपालिका प्रशासन हुआ सख्त, सड़क किनारे अतिक्रमण करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार नगरपालिका प्रशासन राजौंद ने नगर में बढ़ते अतिक्रमण पर सख्त रुख अपनाया है। नगर में दुकानों के आगे रखा गया सामान, सड़क किनारे लगाई गई रेहड़ियां और फड़ियों से यातायात में आ रही दिक्कतों को देखते हुए प्रशासन ने दुकानदारों और रेहड़ी-फड़ी वालों को दो दिन के भीतर अतिक्रमण हटाने के निर्देश जारी किए हैं।

नगरपालिका सचिव ने कहा कि लम्बे समय से शिकायत मिल रही है कि शहर के बाजार, गलियों और मुख्य मार्गों पर लगातार अतिक्रमण बढ़ने से आम जनता, राहगीरों, वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदार अपने प्रतिष्ठानों के सामने तक सामान फैलाकर बिक्री करते हैं। कुछ दुकान अपनी दुकान के आगे सेटिंग से रेहड़ी-पटरी वालों को बिठाते हैं। कुछ रेहड़ी-पटरी वालों ने सड़कों पर पक्के कब्जे कर रखे हैं। शिकायत मिल रही है और रेहड़ी और फड़ी वाले, मुंगफली, गोलगप्पे, जंक फूड, सब्जी व फल बेचने वाले सड़क किनारे लगकर यातायात को बाधित कर रहे हैं। इससे न केवल जाम की स्थिति बनती है, बल्कि दुर्घटना की संभावनाएं भी बढ़ जाती हैं। उन्होंने बताया कि नगरवासियों द्वारा कई



नपा सचिव नरेंद्र शर्मा।

### दो दिन में नहीं हटाया सामान तो होगा जब्त, नगर पालिका सोमवार से चलाएगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

बार इस संबंध में शिकायतें की जा चुकी हैं। हरियाणा सरकार व उच्च प्रशासनिक अधिकारियों से प्राप्त निर्देश पर अब नगरपालिका प्रशासन ने कठोर कार्रवाई का निर्णय लिया है। यदि दो दिनों के अन्दर अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो सोमवार से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत नियम उल्लंघन करने वालों का सामान जब्त किया जाएगा। सचिव ने स्पष्ट किया कि नगर में साफ-सुथरा और सुगम यातायात बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

नगर पालिका का उद्देश्य व्यापारियों को नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि शहर को सुंदर और व्यवस्थित बनाना है। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे प्रशासन के साथ सहयोग करें ताकि राजौंद शहर स्वच्छ, सुचारू और सुरक्षित रह सके।

# प्रत्येक विभागाध्यक्ष जन शिकायतों से संबंधित पोर्टल की प्रगति की नियमित करें समीक्षा: डीसी प्रीति



**संजना भारती संवाददाता**

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि प्रत्येक विभागाध्यक्ष जन शिकायतों से संबंधित पोर्टल की प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा करें। साथ ही रीओपन और ऑवरड्यू शिकायत पर विशेष ध्यान देते हुए उनका प्रभावी एवं स्थाई समाधान निकाले। यह भी सुनिश्चित करे कि शिकायतों की एंट्री सटीक, स्पष्ट और वास्तविक हो।

डीसी प्रीति शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहीं थीं। इसमें उन्होंने समाधान शिविर, सीएम विंडो, एसएमजीटी पोर्टल, जनसंवाद पोर्टल तथा राइट टू सर्विस पोर्टल से संबंधित समीक्षा की। इससे पहले चंडीगढ़ से उच्च अधिकारियों द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ समाधान शिविर पर लंबित शिकायतों की स्थिति की समीक्षा की। डीसी प्रीति ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी स्वयं समाधान शिविर, सीएम विंडो, एसएमजीटी पोर्टल और जनसंवाद पोर्टल के माध्यम से दर्ज शिकायतों की निगरानी कर रहे हैं और मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जिला स्तर तक मामलों की समीक्षा की जा रही है, ऐसे में पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का अधिकारी गंभीरता से लें और उनका शीघ्र, पारदर्शी व संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। आमजन को योजनाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर डीसी ने सभी अधिकारियों को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर शपथ भी दिलाई।

इस मौके पर जिप सीइओ सुरेश राविश, डीएमसी कपिल शर्मा, कैथल एसडीएम अजय सिंह, डीएसपी सुशील डीआरओ चंद्रमोहन, डीडीपीओ रितू लाठर के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा बोले जिला परिषद सदस्य बनकर की राजनीतिक जीवन की शुरूआत




**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** हरियाणा सरकार के पीडब्ल्यूडी एवं पब्लिक हेल्थ कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि उनके राजनीतिक जीवन की शुरूआत जिला परिषद सदस्य के रूप में हुई तत्पश्चात जिला परिषद वाइस चेयरमैन भी वे रहे।

मंत्री गंगवा शुक्रवार को करनाल जिला परिषद चेयरपर्सन प्रवेश सोहन सिंह राणा के कैंप कार्यालय पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सोहन सिंह राणा व सभी जिला पार्षदों, सरपंच व ब्लॉक समिति चेयरपर्सन सहित समाजसेवियों द्वारा उनका शॉल पगड़ी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। असंध से विधायक योगेंद्र राणा, करनाल भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर को भी सम्मानित किया गया। मंत्री रणबीर गंगवा ने संबोधन के दौरान कहा कि जिला परिषद चेयरपर्सन के बुलावे पर मैं चाय के प्रोग्राम के लिए यहां पर आया था, लेकिन थोड़े समय में ही इतनी बड़ी जनसभा कर जिला परिषद चेयरपर्सन ने लोकप्रिय होने का प्रमाण दिया है। इस स्तर पर जो भी समस्याएं जिला पार्षदों व पंचायत प्रतिनिधियों को आती हैं उन्हें वे भली प्रकार से जानते हैं। इन सभी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से भी बात करेंगे।

उन्होंने कहा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चुनाव से पहले जो भी वादे किए थे उन्हें एक-एक कर पूरा किया जा रहा है। इस अवसर पर केश कला बोर्ड के अध्यक्ष यशपाल ठाकुर, ब्लॉक समिति अध्यक्ष गौरव सोरसी, जिला परिषद वाइस चेयरपर्सन प्रतिनिधि धीरज खरकाली, अनिल गुप्ता समाजसेवी, गुरदीप बीजना जिला परिषद सदस्य, जिला परिषद सदस्य विक्रम प्रदीप राणा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओबीसी मोर्चा नंदलाल पांचाल, शेखर राणा, दीपक, अजय सरपंच, ईश्वर सरपंच, नरेश राणा, निगम पार्षद सुधीर यादव, दिलीप राणा, दिलबाग राणा व ईश्वर राणा जिला पार्षद, अनिल नंबरदार, सतबीर राणा, सचिन प्रजापत, साहब सिंह राणा सहित काफी संख्या में पंच सरपंच ब्लॉक समिति सदस्य वह जिला पार्षद मौजूद रहे।

# राजौंद मार्केट कमेटी के चेयरमैन बने बलिंदर सिंह, भाजपा नेताओं ने दी शुभकामनाएं

## पूर्व मंत्री कमलेश ढाण्डा, जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी व जिला प्रभारी अमरपाल राणा रहे उपस्थित




**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** भाजपा द्वारा नियुक्त किए गए राजौंद मार्केट कमेटी के चेयरमैन बलिंदर सिंह और वाईस चेयरमैन ने सादे समारोह में अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि बलिंदर सिंह पहले गांव गुलियाना के सरपंच रह चुके हैं और उन्होंने अपने कार्यकाल में गांव के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। बाद में वे निरंतर भाजपा से जुड़े रहे और पूर्व राज्य मंत्री श्रीमती कमलेश ढाण्डा के साथ मिलकर पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढाण्डा, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती ज्योति सैनी, जिला प्रभारी अमरपाल राणा, सांसद नवीन जिंदल के कार्यालय प्रभारी रविंद्र धीमान, वरिष्ठ नेता डॉ. संदीप राणा, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र जुलानी, सुशील पांचाल, अनिल मलिक व राजीव राजपूत सहित कई भाजपा नेता मौजूद रहे। सभी ने नव-नियुक्त चेयरमैन और वाईस चेयरमैन को गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि भाजपा की नीति सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास पर आधारित है। पार्टी हर वर्ग तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

जिला प्रभारी अमरपाल राणा ने कहा कि भाजपा ने 2014 में किए गए वादों को पूरा किया है। किसानों की आय दोगुनी हुई है और महिलाओं के लिए लाडो लक्ष्मी योजना जैसे कदम उठाए गए हैं। पूर्व मंत्री कमलेश ढाण्डा ने कहा कि राजौंद मार्केट कमेटी में बलिंदर सिंह की नियुक्ति भाजपा नेतृत्व के दूरदर्शी निर्णय का परिणाम है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा ने पारदर्शिता और ईमानदारी से विकास कार्यों को गति दी है।

# खाटू श्याम मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा बाबा श्याम का जन्मोत्सव एवं देवउठनी एकादशी

**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** शहर की नई अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में आज बाबा श्याम का जन्मोत्सव एवं देवउठनी एकादशी का पावन पर्व बड़ी श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां जोरों पर हैं। मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं।

मंदिर के मुख्य सेवक देसराज गुप्ता ने बताया कि इस बार का आयोजन पहले से भी अधिक भव्य रूप में किया जाएगा। मंदिर को फूलों, रंग-बिरंगी झालरों और आकर्षक लाइटों से सजाया जा रहा है।



श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण और जलपान की व्यवस्था भी रहेगी। कार्यक्रम के तहत विशाल भजन संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा, जो शाम 6 बजे से आरंभ होकर प्रभु इच्छा तक चलेगा। इस संकीर्तन में प्रसिद्ध भजन गायक ओ.पी. वर्मा और हिमांशु सिंगला अपनी मधुर वाणी में बाबा श्याम के भजनों की प्रस्तुति देंगे। करनाल सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्याम भक्तों के पहुंचने की संभावना है।

मंदिर परिसर में भक्तों के बैठने, पार्किंग और सुरक्षा के भी विशेष इंतजाम किए गए हैं ताकि सभी श्रद्धालु सुविधा के साथ कार्यक्रम का आनंद ले सकें। बाबा श्याम के जन्मोत्सव को लेकर भक्तों में अपार उत्साह देखने को मिल रहा है।

# बिजली बिल डिफाल्टरों के लिए हरियाणा सरकार की बड़ी राहत योजना

### 11 नवंबर तक उठा सकते हैं लाभ

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** हरियाणा सरकार और बिजली विभाग ने जनता के हित में बिजली बिल डिफाल्टर उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत योजना शुरू की है। इस योजना के तहत 31 अगस्त 2024 तक के लंबित बिजली बिल न भरने वाले उपभोक्ता अब अपना बकाया बिजली बिल चुका कर सरचार्ज माफी का लाभ ले सकते हैं। यह योजना 12 मई 2025 से लागू की गई थी और इसका लाभ उठाने की अंतिम तिथि 11 नवंबर 2025 निर्धारित की गई है।

राजौंद बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर साहब सिंह ने बताया कि सरकार की इस जनहितैषी योजना के तहत उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा उपभोक्ताओं का पूरा सरचार्ज माफ किया जा रहा है। योजना में घरेलू और व्यवसायिक दोनों तरह के बिजली कनेक्शन शामिल किए गए हैं। जो उपभोक्ता एकमुश्त बकाया राशि जमा करवाते हैं, उनका पूरा सरचार्ज माफ किया जाता है और 10 प्रतिशत अतिरिक्त बिजली बिल माफी भी दी जाती है। उन्होंने आगे बताया कि जो उपभोक्ता एक बार में पूरा बकाया नहीं चुका सकते, वे अपनी किस्त बनवाकर बिल जमा करवा सकते हैं। यह योजना राजौंद उपमंडल सहित पूरे क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए लागू है।




जेई साहब सिंह ने सभी डिफाल्टर उपभोक्ताओं से अपील की कि वे 11 नवंबर 2025 से पहले हरियाणा सरकार की राहतकारी योजना का लाभ अवश्य उठाएं। इससे न केवल उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत मिलेगी, बल्कि बिजली कनेक्शन भी चालू रहेंगे और विभाग के साथ विवादों का निपटारा सहजता से किया जा सकेगा।

बिजली बिल न भरने के कारण यदि बिजली उपभोक्ता का बिजली कनेक्शन काट दिया जाता है और उखाड़ दिया जाता है तो दोबारा से बिजली का कनेक्शन लेने के लिए डिफाल्टर उपभोक्ता को पिछला बकाया बिजली का बिल व कनेक्शन लगाने का शुल्क भी जमा करवाना पड़ता है। इसलिए बिजली बिल डिफाल्टर उपभोक्ताओं को इस सरकारी योजना का लाभ उठाना चाहिए।

# हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन के वच्छेर स्टेडियम में मंगलवार को भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय गान से हुई, जिसके बाद अधिकारियों और जवानों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ ली।

कार्यक्रम में हरियाणा पुलिस अकादमी के निदेशक डॉ. अरशिन्दर सिंह चावला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनकी दूरदर्शिता और दृढ़ नेतृत्व के कारण आज भारत एक अखंड राष्ट्र के रूप में स्थापित है। सरदार पटेल ने 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत के एकीकरण का कार्य किया, जो इतिहास में अद्वितीय उदाहरण है।

डॉ. चावला ने जवानों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा की शपथ दिलाई और इसके बाद राष्ट्रीय एकता दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौड़ में भाग लेने वाले जवानों को रिफ्रेशमेंट भी प्रदान की गई। इस अवसर पर 3420 अधिकारी और जवान



उपस्थित रहे, जिन्होंने राष्ट्र की सेवा के प्रति समर्पण की प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए डिस्प्ले बोर्ड पर सरदार पटेल के जीवन, शिक्षाओं और आदर्शों को दशार्ते प्रेरणादायक चित्र भी प्रदर्शित किए गए।

कार्यक्रम में अकादमी के प्रशिक्षक, चतुर्थ वाहिनी एचएपी के आदेशक विनोद कुमार, जिला न्यायवादी डॉ. सोहन सिंह, उप जिला न्यायवादी अनीता रानी, पुलिस उप अधीक्षक गीतिका जाखड़, शरीफ सिंह, नरेश कुमार, मनीषा, जयभगवान सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, प्रशिक्षण पर आए 5 दिवसीय और 2 दिवसीय कोर्स के प्रतिभागी न्यायिक अधिकारी और लोक अभियोजक भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल भी उतनी ही जरूरी है जितनी शारीरिक सेहत की: डॉ. ललित वर्मा

**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** तेज रफ्तार जीवन में मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। एसडीआर मेमोरियल हॉस्पिटल के न्यूरोसाइकिएट्रिस्ट एवं डी-एडिक्शन विशेषज्ञ डॉ. ललित वर्मा ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य केवल बीमारी की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि मन, मस्तिष्क और व्यवहार के बीच संतुलन बनाए रखने की प्रक्रिया है, जो हमारी सोच, भावनाओं और सामाजिक संबंधों को प्रभावित करती है। उन्होंने बताया कि भारत में डिप्रेशन, एंग्जायटी, नशे की लत और नींद संबंधी विकार तेजी से बढ़ रहे हैं। इनके लक्षणों में लगातार उदासी, बेचैनी, नींद या भूख में बदलाव, थकान और नकारात्मक सोच शामिल हैं। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वे के अनुसार, देश के करीब 10.6 प्रतिशत वयस्क किसी न किसी मानसिक विकार से प्रभावित हैं, जबकि 70 से 90 प्रतिशत लोगों को उपचार नहीं मिल पाता।



डॉ. वर्मा ने कहा कि लोग मानसिक बीमारियों को सामान्य तनाव समझकर अनदेखा कर देते हैं, जबकि समय पर इलाज से यह पूरी तरह नियंत्रित हो सकती हैं। उन्होंने नशे की लत को भी गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि देश में 14.6 प्रतिशत लोग शराब का उपयोग करते हैं, जिनमें से 4.6 प्रतिशत शराब-निर्भरता से पीड़ित हैं। करीब 5.7 करोड़ लोगों को नशे से संबंधित उपचार की आवश्यकता है, लेकिन 86 प्रतिशत को इलाज नहीं मिल पाता।